## सार-समाचार

### जिला स्तरीय कार्यशाला आज

**झुंझुनूं,** (निसं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकरिता विभाग व जिला प्रशासन द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए 28 मई को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। विभाग के उप निदेशक डॉ. पवन पूनियां द्वारा बताया कि जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन सूचना केंद्र सभागार में सुबह 9.30 बजे से किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यशाला मे आयुर्वेद विभाग द्वारा योग और ध्यान का प्रशिक्षण, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा मानसिक स्वास्थ्य और निवारक देखभाल का प्रशिक्षण, जिले की मेडिकल कॉलेज से पोषण विशेषज्ञ, आहार विशेषज्ञ, परामर्शदाता द्वारा पोषण का प्रशिक्षण, सामाजिक न्याय एवं अधिकरिता विभाग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा लाभों की जानकारी, पुलिस अधिकारी व कानून विशेषज्ञ द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के साथ दुर्व्यवहार की रोकथाम और प्रतिक्रिया का प्रशिक्षण, जिले के अग्रणी बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए वित्तीय योजना और डिजिटल साक्षरता का प्रशिक्षण दिया जाएगा। खेल विभाग द्वारा युवा स्वयंसेवकों, शारीरिक शिक्षक, वरिष्ठ नागरिक नेता, स्वयंसेवी संस्था द्वारा अंतर पीढ़ीगत संवाद तथा मनोरंजक खेल गतिविधियां सत्र का आयोजन किया जाएगा।

### वित्तीय जन जागरुकता शिविर आयोजित

**झुंझुनूं,** (निसं)। कासिमपुरा पंचायत के हमीरवास तन लांबा में सीएफलएल झुंझुनूं द्वारा वित्तीय जन जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर जिला अग्रणी प्रबंधक गोपालप्रसाद और नाबार्ड के डीडीएम सौरव नागपाल उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में चर्चा की गई। एलडीएम द्वारा बचत करना और समय आने पर सही जगह इस्तेमाल करना और उस शिक्षा के लिए और भविष्य में होने वाली आपातकालीन स्थिति में मदद के तौर पर काम आ सके अथवा बचत के बारे में बताया गया। साथ ही साइबर धोखाधडी, खाते किराए पर ना देना व टोल फ्री नंबर 1930 के बारे में बताया। नाबार्ड के डीडीएम द्वारा वित्तीय साक्षरता व जीवन के मुख्य उद्देश्य पर चर्चा की और शिक्षा का मुख्य उद्देश्य और जीवन लक्ष्य निर्धारित करके उस पर कार्य करना आदि के बारे में बताया गया। वित्तीय सलाहकार खुशाल कुमावत और सलाहकार सहायक मंजीता राव द्वारा पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेवाई व एपीआई व अन्य कई योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया।

### निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित

**बीदासर** (निसं)। कस्बे के छापोला भवन दरीबा में स्व. मुलाराम सुपुत्र बालुराम छपोला व स्व. पुसी देवी धर्मपत्नी स्व. मुलाराम की पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्रों द्वारा निःशुल्क मोतियाबिंद एवं नेत्र लैंस प्रत्यारोपण जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर के शिविर प्रभारी शेखर जायसवाल, लाडनू के समाजसेवी गिरधारी लाल प्रजापत, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष नंदलाल छापोला, मदनलाल बोरावड द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया। शिविर में करीब 70 मरीजों की निःशुल्क जांच की गई। जिसमें 30 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। शिविर में नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर और उनकी टीम द्वारा रोगियों की जांच कर परीक्षण किया। वैध गोपालराम छापोला ने बताया कि योग्य मरीजों का ऑपरेशन जयपुर के शंकरा आई हॉस्पिटल जिला अंधता निवारण समिति जयपुर ले जाकर निशुल्क मोतियाबिंद व नेत्र लैंस प्रत्यारोपण का ऑपरेशन किया जाएगा व मरीजों को समिति द्वारा काला चश्मा दिया जाएगा। 20 दिन के बाद मरीजो को नंबर के चश्मे भी वितरित किए जाएंगे। इस दौरान शिविर में पूर्व सरपंच हंसराज छापोला, हनुमान मनिहारी, श्रीराम, नारायण, विष्णु, लक्ष्मीनारायण छापोला, विपिन खुड़िया, धनराज छापोला, रामेश्वर लाल , पूनमचंद छापोला सहित समाज के लोग मौजूद रहे।

### भामाशाहों का सम्मान किया

**बीदासर** (निसं)। कस्बे के वार्ड 35 नेक नगर स्थित मदरसा तौहीद लिल-बनात में मंगलवार को जमीयत अहले हदीस संस्था के तत्वाधान में भामाशाह सम्मान समारोह 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष हाजी मुस्ताक किलानियां ने की। इस अवसर पर बीदासर निवासी व सऊदी अरब प्रवासी भामाशाह एवं समाजसेवी मोहम्मद सदीक सिलावट और बीदासर निवासी सामाजिक कार्यकर्ता अब्दुल सतार मुगल का माला, साफा, साल और प्रशंसा सम्मान पत्र देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत तिलावते कुरान पाक के बाद हुई। इस अवसर पर संस्था के सचिव एडवोकेट वसीम कानूनिया, कोषाध्यक्ष रिजवान बागोट, पार्षद सदीक मोहम्मद ऐरानी, शेख अब्दुल अजीज, मुमताज मुगल, सलीम भुट्टा, नियाज मोहम्मद सोलंकी, अब्दुल हमीद भुट्टा, एडवोकेट अफजल मुगल, आमीन भुट्टा, बीरबल बल्खी, मोहम्मद मुगल, उमर भुट्टा सहित अनेक लोग मौजूद थे।

### विद्यालय में जश्न का माहौल

**झुंझुनूं,** (निसं)। दोरासर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का बाई परीक्षा कक्षा 12 कला संकाय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहने पर विद्यालय जश्न मनाया गया। प्रधानाचार्या दुर्गावती ने बताया कि अवनी जाखड़ ने 95.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ही कुमकुम ने 94.60 प्रतिशत, तमन्ना ने 94.40, ऋतिका ने 93.20 एवं पूजा ने 90.80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। समस्त 14 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। इस प्रकार कक्षा 12 का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस अवसर टॉपर्स एवं उनके अभिभावकों का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। अभिभावकों, स्टाफ एवं विद्यार्थियों द्वारा डीजे के साथ रैली निकाली गई। इस मौके पर पूर्व सरपंच अर्जुन महला, कमलेश जांगिड़, बाबूलाल, प्रेम कुमार इत्यादि गणमान्यजन उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी गणमान्य लोगों से गांव के बच्चों का विद्यालय में प्रवेश दिलाने का आव्हान किया।

### चिकित्सा अधिकारी कार्यालय को दो कूलर भेंट

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। समाजसेवी भागीरथ गोदारा बिडोदी बड़ी व हितेश होडा के प्रोपराइटर विद्याधर बुडानिया ने राजस्थान नर्सिंग एसोसिएशन लक्ष्मणगढ़ के अध्यक्ष रामलाल महला व नर्सिंग आफिसर वीरेंद्र जाखड की प्रेरणा से चिकित्सा कर्मियों को भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए यहां के ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय को दो जंबो कूलर भेंट किए हैं। कार्यालय को कूलर भेंट किए जाने पर मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ दिनेश कुमार कस्वां ने दानदाता गोदारा व बुडानिया का आभार व्यक्त किया है। इस अवसर मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ दिनेश कुमार कस्वां, वरिष्ठ नर्सिंग ओफीसर रामकरण ख्यालिया, शपरमेश्वर बेनीवाल, रामलाल महला, वीरेंद्र जाखड़, ब्लॉक प्रोग्राम मोनिटर विकास तूनवाल, धर्मपाल ढाका, खुशी पिलानियां, आशीष मुदगल, योगेश सैनी सहित समस्त स्टाफ कर्मी मौजूद थे।

### शिविर में 131 की जांच हुई

**सूरजगढ़,** (निसं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग झुंझुनूं की ओर से हाइपर टेंशन जागरूकता अभियान को लेकर संचालित गतिविधियों के तहत सूरजगढ़ में मंगलवार को रेलवे स्टेशन पर आयोजित स्क्रीनिंग कार्यक्रम में 63 लोगों की स्क्रीनिंग कर बीपी शुगर की गई। यह शिविर शहरी आयुष्मान आरोग्य केंद्र की ओर से आयोजित किया गया था। जिसमें प्रभारी डॉ. देवेंद्र पायल ने अपनी सेवाएं प्रदान की। इनके साथ में फार्मासिस्ट दीपक ने सेवाएं प्रदान की। इस से पूर्व सोमवार को इसी टीम द्वारा सूरजगढ़ बस स्टैंड पर आयोजित स्क्रीनिंग शिविर में 68 लोगों की स्क्रीनिंग कर जांच की गई। शिविर में सीएचसी प्रभारी डॉ. हरेंद्र धनकड़, बीपीओ सुमेर सिंह मीणा ने पहुंच कर शिविर की व्यवस्था देखी।

### अहिल्याबाई होल्कर की जयंती को लेकर बैठक आज

**सीकर,** (निसं)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के मुख्य आतिथ्य में 31 मई को जयपुर में होने वाली पुण्य श्लोक अहिल्याबाई होल्कर जी की 300वीं जयंती समारोह की तैयारी को लेकर जिला भाजपा की बैठक 28 मई बुधवार को होगी। भाजपा जिला कार्यालय में सायं 4 बजे आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष व भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़ होंगे व अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ करेंगे। जिला मीडिया संयोजक जितेंद्र माथुर ने बताया कि जयपुर में 31 मई को पुण्य श्लोक अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती समारोह आयोजित होगा। जयंति समारोह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के मुख्य आतिथ्य में होगा। इसकी तैयारियों को लेकर जिले के भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक हो रही है। बैठक में वर्तमान व पूर्व पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता भाग लेंगे।

# 'पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाएं'

**राजलदेसर** (निसं)। श्री राजलदेसर गौशाला में अभियान का शुभारंभ जयपुर प्रान्त गौ सेवा प्रमुख मोहनलाल , जयपुर प्रान्त सह प्रशिक्षण प्रमुख गौ सेवा रामचंद्र , जयपुर प्रान्त महेश , राजस्थान गौ ग्राम सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष ललित दाधीच के सानिध्य में भूमि पूजन करके एवं पृथ्वी बचाओ, पर्यावरण संरक्षण एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार को लेकर शपथ दिलाई गई।

वहीं उपस्थित गोपालको ने गौ माता की आरती उतार कर देश में खुशहाली की कामना की इस अवसर पर जयपुर प्रांत गौ सेवा सह प्रशिक्षण रामचंद्र ने कहा कि वर्तमान में धरती माता को बचाने के लिए जैविक खेती करना बहुत अनिवार्य है क्योंकि आजकल केमिकल युक्त खेती की जाती है जिससे किसानों की भूमि नष्ट हो रही है उपजाऊ नहीं हो रही है साथ ही धरती माता पर जल स्तर नीचे तक नहीं पहुंच रहा है एवं केमिकल युक्त खेती से पैदावार होने वाली सब्जियां, फल, फ्रूट, आदि से अनेकों बीमारियां होती है जिसमें आजकल विशेष कर युवाओं में हार्ट अटैक की बीमारी शुगर की डाइजेस्ट की अस्थमा की आदि बीमारियां होती हैं जिसका सीधा असर हम सबको देखने को मिल रहा है इसके अलावा सिंगल यूज़ प्लास्टिक के बारे में कहा इससे स्वास्थ्य के साथ-साथ जमीन को भी नुकसान



पृथ्वी बचाओ, पर्यावरण संरक्षण एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार को लेकर शपथ दिलाई गई

उठाना पड़ता है।

उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार करने की बात कही साथ ही अपने घरों में शादी समारोह में आदि जगह प्लास्टिक की जगह स्टील , तांबे के बर्तन उपयोग करें । जिससे बीमारियों से बचा जा सकता है इसके अलावा उन्होंने पॉलिथीन थैली का पूर्णतया बहिष्कार करने की बात कही एवं मार्केट में सब्जी लेते समय कपड़े का बैग साथ लेकर जाने की बात कही। साथ ही उन्होंने धरती माता को हरा भरा बनाने के लिए अपने जन्म दिवस पर वैवाहिक वर्षगाँठ पर अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाना चाहिए जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ वातावरण भी शुद्ध रहेंगा उन्होंने कहा वर्तमान के अंदर जिस तरह तापमान तेजी से बढ़ रहा है यह बहुत घातक है।

इस अवसर पर जयपुर प्रांत गौ सेवा प्रमुख मोहनलाल ने पर्यावरण संरक्षण के बारे में जानकारी दी एवं आने वाले मानसून में अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने की बात कही। इस अवसर पर राजस्थान गौ ग्राम सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष ललित दाधीच ने उपस्थित सभी लोगों को शपथ दिलाई भविष्य में अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाना पर्यावरण संरक्षण के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार करना एवं अधिक से अधिक जैविक खेती करने को लेकर शपथ दिलाई एवं गौशाला की गतिविधियों के बारे में सभी को अवगत कराया राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आए हुए अतिथियों ने गौशाला का भ्रमण किया एवं गौशाला की योजनाओं की प्रशंसा की। इस पर गौशाला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंगतमल पाण्डिया, हडमान मल सोनी, रतनलाल बारूपाल, मदन दाधीच, राधेश्याम पांडे सहित गौशाला सदस्य व कर्मचारीगण, स्टाफ के सदस्य उपस्थित रहे।

## फुले फिल्म का 20वां शो भी हाउसफुल रहा

**पाटन** (निसं)। महात्मा ज्योतिबा राव फुले और माता सावित्रीबाई फुले के संघर्ष एवं समाज सुधार की प्रेरक कथा पर आधारित ऐतिहासिक फिल्म फुले का 20वां शो भी दर्शकों से खचाखच भरा रहा। लक्ष्मी टॉकीज में आयोजित इस विशेष शो में लगभग 300 महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने निःशुल्क फिल्म का आनंद लिया और गहराई से प्रेरित हुए।मेघवंश जागृति संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रणजीत मेहरानिया द्वारा 11 मई को मदर्स डे पर इस अभियान की शुरुआत की गई थी। तब से अब तक लगभग 7500 लोग यह फिल्म निशुल्क देख चुके हैं। डॉ. मेहरानिया ने बताया कि समाज में जागरूकता फैलाने हेतु यह अभियान निरंतर जारी रहेगा और पूर्व घोषणा के अनुसार फिल्म के निशुल्क प्रदर्शन के अभी दो दिन और शेष हैं।आज के शो में कई प्रतिष्ठित एवं सामाजिक क्षेत्र के सक्रिय व्यक्तित्वों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। इनमें पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष रोशन मुंडोतिया, जाट समाज के अध्यक्ष हरिसिंह गोडावास, राधारमन टीटी कॉलेज के निदेशक प्रभुदयाल यादव आदि शामिल रहे।

## बोर्ड टॉपर्स का सम्मान

**झुंझुनूं,** (निसं)। इस्लामपुर के निकटवर्ती गाम पंचायत भामरवासी के शहीद हवलदार पृथ्वीसिंह राउमा अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में छुट्टी के बावजूद उत्सव का माहौल रहा। समस्त शाला स्टाफ व विद्यार्थियों के चेहरे प्रसन्नता से खिले हुए थे। अवसर था कक्षा 12 एवं कक्षा 8 के बोर्ड परीक्षा परिणाम में अब्बल रहे छात्र छात्राओं के अभिनन्दन समारोह का। संस्था प्रधान शिक्षाश्री सुरेंद्र कुमार डूडी ने बताया कि इस वर्ष भी कक्षा बारह व आठवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा हैं। कक्षा बारह में सात छात्राओं का गार्गी पुरस्कार के लिए चयन हुआ है। छात्रा खुशबू पुत्री मदन सिंह शेखावत ने 93 प्रतिशत अंक अर्जित कर अपने परिवार, विद्यालय एवं गाम पंचायत का नाम रोशन किया है।

## नशा मुक्ति की शपथ दिलाई

**सीकर** (निसं)। वर्तमान समय में जब युवा पीढ़ी तेजी से नशे की गिरफ्त में आती जा रही है, ऐसे दौर में राजकीय कला महाविद्यालय, सीकर में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत नई किरण नशा मुक्ति केंद्र की स्थापना की गई है। यह केंद्र केवल एक उपचार स्थल नहीं बल्कि एक जन-जागरण आदोलन है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर महेन्द्र सिंह चौधरी ने बताया कि इस केंद्र के माध्यम से युवाओं एवं आम जन को नशे से जुड़ी समस्याओं, उनके दुष्परिणामों तथा उनसे बचाव के उपायों से अवगत कराया जाएगा। केंद्र के प्रभारी अधिकारी के रूप में कुलदीप सिंह को नियुक्त किया गया है, जो इस अभियान को रचनात्मक और प्रभावी दिशा प्रदान करेंगे। केंद्र में (राष्ट्रीय सेवा योजना) के माध्यम से रैलियों, प्रेरक व्याख्यान, नुक्कड नाटक, समूह चर्चाएँ एवं प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से समाज में सकारात्मक संदेश दिया जाएगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई।

# हानिकारक रसायनों के प्रयोग की आशंका के चलते फलों के नमूने लिये

**झुंझुनूं,** (निसं)। प्रदेश के खाद्य सुरक्षा आयुक्त एच गुटे के निर्देशानुसार फलों और सब्जियों में हानिकारक रसायनों की मिलावट की आशंका के चलते मिलावट के विरूद्ध ने चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गत तीन दिनों में 49 सैंपल लेकर जांच के लिए भिजवाए। सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने बताया कि झुंझुनूं और नवलगढ़ सब्जी मंडी और अन्य प्रतिष्ठानों में जाकर एफएसओ की टीम ने निरीक्षण कर फलों की जांच की गई।

जांच के दौरान मौसमी फलों के सैंपल लिए गए। उन्होंने बताया कि फलों को कैल्सियम कार्बाइड से फलों को पकाना खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के तहत प्रतिबंधित है। कार्रवाई के दौरान तीनों एफएसओ महेंद्र चतुर्वेदी, रतन गोदारा और लालू यादव ने मंडी परिसर स्थित विभिन्न प्रतिष्ठानों से विभिन्न फलों के कुल 49 नमूने लिए गए। इनमें ये आम



मिलावट के विरूद्ध ने चलाए जा रहे अभियान के तहत फलों के सैंपल लेकर जांच के लिए भिजवाए।

के 11, अनार के तीन, सेब के दो, केला के नौ, खीरा के एक, पता गोभी के एक, पपिता के सात, मौसमी के सात, टमाटर के एक, तरबूज के छह और खरबूजे का एक नमूना लेकर जयपुर स्थित प्रयोगशाला में भेजे गए है। जहां इनमें रंग, कृत्रिम मिठास और अन्य संभावित हानिकारक रसायनों की जांच की जाएगी। सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने बताया कि इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। ताकि आमजन को सुरक्षित और शुद्ध खाद्य सामग्री मिल सके। साथ ही व्यापारियों को भी चेताया गया कि यदि किसी भी प्रकार की मिलावट पाई गई तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# 'यू-विन एप से प्रसूताओं-बच्चों के टीकाकरण में आसानी होगी'

**सीकर** (निसं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग आमजन के लिए नई पहल करता है। इस बार भी नवाचार करते हुए यू-विन एप लॉन्च किया है, जिससे प्रसूताओं और बच्चों को टीकाकरण करवाने में आसानी होगी। राहत की बात यह है कि ऑनलाइन पोर्टल संचालित होने के बाद अब किसी भी अस्पताल में टीकाकरण करवा सकते हैं।

सीएमएचओ डॉ अशोक महरिया ने बताया कि अभिभावक-परिजनों के मोबाइल पर मैसेज के माध्यम से जाएगा, जिससे बच्चा टीकाकरण से वंचित नहीं रह सके। कोरोना के बाद केंद्र सरकार ने कोविड टीकाकरण के समय चले कोविन पोर्टल को यू विन पोर्टल में परिवर्तित कर दिया। सीएमएचओ डॉ. अशोक ने बताया कि अब टीकाकरण को लेकर पूरी जानकारी यू-विन एप से पता चल सकेगी। इसको लेकर विभागीय कार्मिकों को प्रशिक्षित किया गया है। यह प्रशिक्षण लेकर सरकार की योजना के अनुसार वर्किंग करेंगे।

जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह ने बताया कि अब तक टीका लगाने के लिए सभी को ममता कार्ड साथ रखना होता था, लेकिन अब आधार कार्ड व मोबाइल नंबर बताने पर एक क्लिक में सारी जानकारी सामने आ जाएगी। बच्चे व प्रसूताओं को कितने टीके लगाने, कितने लग चुके हैं, कितने बाकी हैं। यह सब जानकारी शामिल होगी। सबसे बडी बात प्रसूता व बच्चे अगर अपने इलाके से बाहर है तो संबंधित ब्लॉक अधिकारी परिजनों से संपर्क कर उसका पता लगा सकेगा। इसके बाद कहीं पर टीका लगवा सकता है। इसके अलावा खास बात है कि रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर टीकाकरण के समय व दिन की सूचना भी परिजनों को मैसेज के माध्यम से मिल सकेगी, जिससे टीकाकरण की प्रगति में राहत मिल सकेगी। एक भी टीकाकरण से वंचित नहीं रह सकेगा।

विभाग आसानी से बच्चों और प्रसूताओं को ट्रेस कर सकेगा

आरसीएचओ डॉ विशाल सिंह ने बताया कि विभाग की ओर से प्रदेश में प्रति वर्ष कई बच्चे अभिभावकों के स्थानातंरण व काम के लिए दूसरे शहरों में चले जाने सहित अन्य कारणों से भी चले जाते हैं, जिसकी वजह से वे टीकाकरण से वंचित रह जाते थे। विभाग को भी उनको ढूंढने में मशक्कत करनी पड़ती थी। साथ ही विभाग का लक्ष्य भी पूरा नहीं हो पाता था।

# उमंग समर कैंप से विद्यार्थियों में उत्साह

**झुंझुनूं,** (निसं)। डाइट झुंझुनूं और पीरामल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन अवकाश में शुरू किए गए उमंग समर कैंप से विद्यार्थियों एवं जनसमुदाय में उत्साह और खुशी का माहौल है। डाइट प्रिंसिपल सुमित्रा झाझड़िया, डाइट प्रभागाध्यक्ष प्रमेंद्र कुल्हार, पीरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम लीडर शेरसिंह ने नवलगढ़ ब्लॉक के श्री सरस्वती देवी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मांडासी में चल रहे उमंग समर कैम्प का निरीक्षण किया। जिला शिक्षा अधिकारी सुमित्रा झाझडिया ने बताया कि उमंग समर कैम्प विद्यार्थियों के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हो रहा है।




डाइट झुंझुनूं और पीरामल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन अवकाश में शुरू किए गए उमंग समर कैंप से विद्यार्थियों एवं जनसमुदाय में उत्साह और खुशी का माहौल है।

उमंग समर कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों के भीतर 21वीं सदी के जीवनोपयोगी कौशलों का विकास करना, सीखने-सिखाने की प्रक्रिया को आनंददायक बनाना तथा शिक्षा को स्थानीय संदर्भों से जोड़कर अधिक प्रासंगिक बनाना है। ताकि नई शिक्षा नीति 2020 की सार्थकता धरातल पर देखने को मिले। डाइट प्रभागध्यक्ष प्रमेंद्र कुल्हार ने बताया कि उमंग समर कैंप की विशेष बात यह है कि इसमें केवल विद्यार्थी ही नहीं, बल्कि समुदाय के सदस्य, अभिभावक, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं पंचायत प्रतिनिधि भी सक्रिय सहभागिता निभा रहे हैं।

यह समग्र भागीदारी नई शिक्षा नीति 2020 में उल्लेखित सहभागी, समावेशी एवं नवाचारी शिक्षा के सिद्धांतों को सजीव रूप से धरातल पर उतार रही है। पीरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम लीडर शेरसिंह ने बताया कि मांडासी के समर कैंप में अब तक योग और मेडिटेशन, चेतना गीत, नींबू रेस, पेड़-पौधों से दोस्ती, चित्रकला, सितोलिया, मेरा पासपोर्ट, स्वयं की खोज, आभार पत्र लेखन, जीव-जंतुओं के घरों की संरचना, प्रियजनों की यात्रा, चेंजमेकर बूट कैंप जैसी कई अनुभवात्मक और रुचिकर गतिविधियां आयोजित की जा चुकी हैं। इन गतिविधियों ने विद्यार्थियों को सोचने, अनुभव साझा करने और रचनात्मक तरीके से संवाद करने का अवसर प्रदान किया है और उनके सर्वांगीण विकास में एक अहम किरदार निभाया है। पीरामल फाउंडेशन के मांडासी कैंप प्रभारी अशगाल खान ने बताया कि अधिकारियों के विद्यालय आगमन पर विद्यार्थियों ने दिन की शुरूआत एक चेतना गीत एवं बाल गीत से की और उसके बाद समस्त विद्यार्थियों ने अपने अपने प्रिय जन एवं दोस्तों के नाम एक आभार पत्र लिखा। उसके बाद बच्चों ने जिले से आए अधिकारियों से चेंज मेकर लैब बूट कैंप में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। जहां सभी अतिथियों ने थ्री सी मॉडल (कलेक्ट प्रॉब्लम, क्रिएट सलूशन, क्रिएट इम्पेक्ट) का उपयोग करते हुए अपने स्थानीय संदर्भ में 30 से अधिक समस्याओं को खोजा। उनके 100 से अधिक संभावित हलों को समूह के रूप में चर्चा करके ढूंढा एवं उनमें से मुख्य समस्या एवं उसके संभावित हलों को लागू करने की रणनीति एक दूसरे के साथ साझा की।

बच्चों द्वारा आयोजित की गई गतिविधियों एवं उनके अनुभवों को अधिकारियों के साथ जोश एवं उत्साह के साथ साझा किया गया और बच्चों ने अधिकारीयों से उनके बचपन के बारे में कई सारे सवाल भी पूछे। जिनके उत्तर सुनकर बच्चों के चेहरों पर मुस्कान आ गई। इन गतिविधियों ने न केवल विद्यार्थियों की रचनात्मकता और अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित किया। बल्कि उनके आत्मविश्वास, भावनात्मक बौद्धिकता और सामाजिक जुड़ाव को भी सशक्त बनाया। मेरा पासपोर्ट जैसी गतिविधियां, जहां विद्यार्थियों को आत्मचिंतन व आत्मपरिचय का अवसर देती हैं। वहीं प्रियजनों की यात्रा उन्हें पारिवारिक इतिहास एवं भावनात्मक संबंधों को समझने में मदद करती है। इस समर कैंप के माध्यम से जीवन कौशल आधारित शिक्षा, परियोजना आधारित शिक्षण, शारीरिक साक्षरता और सौंदर्य बोध जैसी शैक्षिणक अवधारणाओं को सरल, रोचक और अनुभवात्मक तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है।

## अंधड़ से दो घरों की छत टूटी

**सीकर,** (निसं)। 24 मई की रात्रि को आये तेज तूफानी अंधड़ से डोलियों का बास, सीकर में दो भाइयों के घरों को जबरदस्त नुकसान पहुंचा। पास के घर की छत पर लगे सोलर ऊर्जा की टावर सहित प्लेट मकान छत पट्टियों को तोड़ते हुए गिर गया जिससे पूरा मकान टूट गया। गनीमत रही कि उस वक्त कमरे के अंदर कोई नही था। रमेश कुमार सैनी एवम उनके बड़े भाई ओमप्रकाश सैनी के अनुसार घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है।

**आम सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण राजस्थान के फाइल संख्या F1(4)/SEIAA/SEAC-4(06)/RAJ/SECTT/PROJECT/Cat.B2(0297)/2024-25 जयपुर दिनांक 09.04.2025 द्वारा गणपति स्टोन क्रेशिंग इंडस्ट्रीज गांव फतेहपुर जिला सीकर (राज.) के पक्ष में एम एल नं. 167/1990 क्षेत्रफल 1.00 हेक्टर खसरा नं. 421/31 मेसनरी स्टोन ब्लास्ट/स्टोन उत्पादन क्षमता 130000 टन प्रतिवर्ष के लिए पर्यावरण स्वीकृति दिनांक 09.04.2025 द्वारा प्रदान की गई है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की वेबसाइट www.r.p.c.b.nic.in पर जनसाधारण के देखने के लिए उपलब्ध है।

**आम सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण राजस्थान के फाइल संख्या F1(4)/SEIAA/SEAC-4(06)/RAJ/SECTT/PROJECT/Cat.B2(03111)/2024-25 जयपुर दिनांक 08.04.2025 द्वारा श्री प्रवीण कुमार पुत्र श्री रण सिंह गांव किढ़वाना तह. सूरजगढ़ जिला झुंझुनू (राज.) के पक्ष में एम एल नं. 148/1991 क्षेत्रफल 0.3141 हेक्टर खसरा नं. 421/31 मेसनरी स्टोन ब्लास्ट/स्टोन उत्पादन क्षमता 55295 टन प्रतिवर्ष के लिए पर्यावरण स्वीकृति दिनांक 08.04.2025 द्वारा प्रदान की गई है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की वेबसाइट www.r.p.c.b.nic.in पर जनसाधारण के देखने के लिए उपलब्ध है।

**आम सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण राजस्थान के फाइल संख्या F1(4)/SEIAA/SEAC-4(06)/RAJ/SECTT/PROJECT/Cat.B2(03110)/2024-25 जयपुर दिनांक 08.04.2025 द्वारा जसवंत सिंह पुत्र श्री भोपाल सिंह R/O- लधासर तह. रतनगढ़ जिला चूरू (राज.) के पक्ष में एम एल नं. 57/2000 क्षेत्रफल 1.00 हेक्टर खसरा नं. 421/31 मेसनरी स्टोन ब्लास्ट/स्टोन उत्पादन क्षमता 150000 टन प्रतिवर्ष के लिए पर्यावरण स्वीकृति दिनांक 08.04.2025 द्वारा प्रदान की गई है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की वेबसाइट www.r.p.c.b.nic.in पर जनसाधारण के देखने के लिए उपलब्ध है।

**आम सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण राजस्थान के फाइल संख्या F1(4)/SEIAA/SEAC-4(06)/RAJ/SECTT/PROJECT/Cat.B2(0296)/2024-25 जयपुर दिनांक 09.04.2025 द्वारा लोकेश शर्मा पुत्र स्व. श्री विश्वनाथ शर्मा वार्ड न. 35 तह. रतनगढ़जिला चूरू (राज.) के पक्ष में एम एल नं. 11/1991 क्षेत्रफल 1.00 हेक्टर खसरा नं. 421/31 मेसनरी स्टोन ब्लास्ट/स्टोन उत्पादन क्षमता 150000 टन प्रतिवर्ष के लिए पर्यावरण स्वीकृति दिनांक 09.04.2025 द्वारा प्रदान की गई है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की वेबसाइट www.r.p.c.b.nic.in पर जनसाधारण के देखने के लिए उपलब्ध है।

**आम सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण राजस्थान के फाइल संख्या F1(4)/SEIAA/SEAC-4(06)/RAJ/SECTT/PROJECT/Cat.B2(03112)/2024-25 जयपुर दिनांक 08.04.2025 द्वारा धर्मेंद्र सिंह पुत्र श्री रणवीर सिंह गांव ठठावता तह. रतनगढ़ जिला चूरू (राज.) के पक्ष में एम एल नं. 20/2000 क्षेत्रफल 1.00 हेक्टर खसरा नं. 421/31 मेसनरी स्टोन ब्लास्ट/स्टोन उत्पादन क्षमता 150000 टन प्रतिवर्ष के लिए पर्यावरण स्वीकृति दिनांक 08.04.2025 द्वारा प्रदान की गई है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की वेबसाइट www.r.p.c.b.nic.in पर जनसाधारण के देखने के लिए उपलब्ध है।

**आम सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण राजस्थान के फाइल संख्या F1(4)/SEIAA/SEAC-4(06)/RAJ/SECTT/PROJECT/Cat.B2(0299)/2024-25 जयपुर दिनांक 09.04.2025 मेसर्स श्री कृष्णा स्टोन क्रेशर कंपनी वार्ड न. 44 हमीरी रोड चौबारी मंडी जिला झुंझुनू (राज.) के पक्ष में एम एल नं. 10/2001 , क्षेत्रफल 0.70 हेक्टर खसरा नं. 421/31 मेसनरी स्टोन ब्लास्ट/स्टोन उत्पादन क्षमता 136000 टन प्रतिवर्ष के लिए पर्यावरण स्वीकृति दिनांक 09.04.2025 द्वारा प्रदान की गई है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की वेबसाइट www.r.p.c.b.nic.in पर जनसाधारण के देखने के लिए उपलब्ध है।

**आम सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण राजस्थान के फाइल संख्या F1(4)/SEIAA/SEAC-4(06)/RAJ/SECTT/PROJECT/Cat.B2(0439)/2024-25 जयपुर दिनांक 09.04.2025 मो. जमील भाटी पुत्र श्री निसार अली भाटी, वन विहार कॉलोनी आकाशवाणी के सामने जिला चूरू (राज.) के पक्ष में एम एल नं. 60/2000 , क्षेत्रफल 1.00 हेक्टर खसरा नं. 421/31 मेसनरी स्टोन ब्लास्ट/स्टोन उत्पादन क्षमता 150000 टन प्रतिवर्ष के लिए पर्यावरण स्वीकृति दिनांक 09.04.2025 द्वारा प्रदान की गई है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की वेबसाइट www.r.p.c.b.nic.in पर जनसाधारण के देखने के लिए उपलब्ध है।

**आम सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण राजस्थान के फाइल संख्या F1(4)/SEIAA/SEAC-4(06)/RAJ/SECTT/PROJECT/Cat.B2(03113)/2024-25 जयपुर दिनांक 09.04.2025 द्वारा श्री जगदंबा स्टोन क्रेशर इंडस्ट्रीज गांव बीरमसर तह. रतनगढ़ जिला चूरू (राज.) के पक्ष में एम एल नं. 11/2000 क्षेत्रफल 1.00 हेक्टर खसरा नं. 421/31 मेसनरी स्टोन ब्लास्ट/स्टोन उत्पादन क्षमता 150000 टन प्रतिवर्ष के लिए पर्यावरण स्वीकृति दिनांक 09.04.2025 द्वारा प्रदान की गई है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की वेबसाइट www.r.p.c.b.nic.in पर जनसाधारण के देखने के लिए उपलब्धहै।

**आम सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण राजस्थान के फाइल संख्या F1(4)/SEIAA/SEAC-4(06)/RAJ/SECTT/PROJECT/Cat.B2(0300)/2024-25 जयपुर दिनांक 09.04.2025 द्वारा ओमप्रकाश पारीक पुत्र श्री रामकुमार पारीक गांव मवालियों का बास तह. रतनगढ़ जिला चूरू (राज.) के पक्ष में एम एल नं. 156/1991 क्षेत्रफल 0.5111 हेक्टर खसरा नं. 421/31 मेसनरी स्टोन ब्लास्ट/स्टोन उत्पादन क्षमता 147420 टन प्रतिवर्ष के लिए पर्यावरण स्वीकृति दिनांक 09.04.2025 द्वारा प्रदान की गई है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की वेबसाइट www.r.p.c.b.nic.in पर जनसाधारण के देखने के लिए उपलब्ध है।

**कार्यालयः-अशोकसिंह राठौड़ अधिवक्ता राजगढ (चूरू)**
**बेदखली सर्वसाधारण सूचना**
मैं अशोक सिंह राठौड़ अधिवक्ता राजगढ़, चूरू में मेरे अभिभाष्य श्रीमती तारामणी पत्नी स्वर्गीय पवन शर्मा निवासी लम्बोर छिंपियान तहसील राजगढ जिला चूरू की हिदायतानुसार प्रत्येक व्यक्ति एवं विशेष व्यक्ति के लिए सूचना प्रेषित कर रहा हूं कि मेरे अभिभाष्य का बड़ा पुत्र रामावतार उम्र 30 साल व पुत्रवधू पुजा पत्नी रामावतार मेरे अभिभाष्य तारामणी से अलग निवास करते हैं। दोनों झगड़ालू प्रवृति के हैं जो आये दिन आपस में लड़ाई-झगड़ा करके मुकदमा आदि करते रहते हैं। उनके उक्त कृत्य से व गलत आचरण से मेरी अभिभाष्य तंग परेशान है। इसलिए मेरे अभिभाष्य ने अपने पुत्र रामावतार व पुत्रवधू पुजा को अपने व अपने परिवारजन, छोटे पुत्र गोपाल व पुत्री सरोज से अलग करते हुए अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद मेरे अभिभाष्य का पुत्र रामावतार व पुत्रवधू पुजा से कोई सम्बन्ध नहीं रहा है। उसके किसी भी प्रकार के कृत्य व अपकृत्य के लिए मेरी अभिभाष्य व उसका परिवार जिम्मेवार नहीं होगा। उससे कोई व्यक्ति किसी प्रकार का कोई संव्यवहार करता है तो इसकी हर प्रकार की जिम्मेवारी स्वयं व्यवहार करने वाले की होगी। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति एवं विशेष व्यक्ति के लिए सूचना प्रेषित की जा रही है।
**भवदीय-अशोक सिंह राठौड़ अधिवक्ता राजगढ (चूरू)**